भारतीय संसदीय ग्रुप न्यूज़लेटर

खंड XXXVI, संख्या 3, जुलाई 2020

न्यूज़लेटर के इस अंक में 1 अप्रैल से 30 जून 2020 के दौरान भारत और विदेशों में हुए महत्वपूर्ण संसदीय घटनाओं और कार्यकलापों का संक्षिप्त लेखाजोखा है।

सम्मेलन और संगोष्ठियां

माननीय अध्यक्ष लोक सभा और अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के सभापति की भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस: माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने सीपीए भारत क्षेत्र के कार्यकलपों और कोविड-19 महामारी से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करने के लिए 21 अप्रैल 2020 को 26 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पीठासीन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की। यह वीडियो कांफ्रेंस भारत की संसद के इतिहास में पहली बार आयोजित हुई थी।

वीडियो सम्मेलन के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार प्रभावित लोगों की राहत और पुनर्वास के लिए सांसदों और विधायकों के प्रयासों का समन्वयन करने के लिए लोक सभा सचिवालय तथा 23 राज्य विधान मण्डलों में कोविड नियंत्रण कक्ष ग्रिड की स्थापना की गई ताकि कोविड-19 महामारी के दौरान आम जनता को सुविधा प्रदान की जा सके। लोक सभा सचिवालय नियंत्रण कक्ष ने 1000 से अधिक कोरोना मामलों को प्रभावी ढंग से संभालते हुए 11000 से अधिक व्यक्तियों को उनके घरों में स्थानांतरित कर दिया और राशन, स्वास्थ्य सेवाओं आदि के रूप में सहायता भी सुनिश्चित की। लोक सभा सचिवालय में नियंत्रण कक्ष को सीपीए प्रकोष्ठ, सम्मेलन शाखा और आईपीयू प्रकोष्ठ द्वारा संचालित किया गया था।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 21 अप्रैल 2020 को संसद भवन में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए राज्य विधान सभाओं के पीठासीन अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए।

राष्ट्रीय नेताओं की जयंती

राष्ट्रीय नेताओं जिनके चित्र संसद भवन के केंद्रीय कक्ष को सुशोभित करते हैं, की जन्म शती तथा लोक सभा के पूर्व अध्यक्षों की जन्म शती पर भी नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु भारतीय संसदीय ग्रुप (आईपीजी) के तत्वावधान में समारोहों का आयोजन किया जाता है। लोक सभा सचिवालय की ग्रंथालय और

संदर्भ, शोध प्रलेखन तथा सूचना सेवा (लार्डिस) द्वारा तैयार की गई इन नेताओं के जीवन वृत्त वाली पुस्तिकाएं इस अवसर पर वितरित की जाती हैं।

1 अप्रैल से 30 जून 2020 की अवधि के दौरान निम्नलिखित नेताओं की जयंती मनाई गई।

डॉ0 बी.आर. अम्बेडकर: डॉ0 बी.आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2020 को माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के सरकारी आवास पर एक समारोह का आयोजन किया गया। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने डॉ0 बी.आर.अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 14 अप्रैल 2020 को अपने सरकारी आवास पर डॉ0 बी.आर.अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

डॉ0 नीलम संजीव रेड्डी: डॉ0 नीलम संजीव रेड्डी की जयंती के अवसर पर संसद भवन में 19 मई 2020 को एक समारोह का आयोजन किया गया। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; लोक सभा, महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और अन्य विशिष्ट जनों ने डॉ0 नीलम संजीव रेड्डी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद भवन में 19 मई 2020 को डॉ0 नीलम संजीव रेड्डी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद गण्यमान्य व्यक्ति।

स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर: स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में 28 मई 2020 को एक समारोह आयोजित किया गया। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, कोयला और खान, श्री प्रह्लाद जोशी; संसदीय कार्य राज्य मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम, श्री अर्जुन राम मेघवाल तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में 28 मई 2020 को स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद गण्यमान्य व्यक्ति।

श्री के.एस. हेगड़े: श्री के.एस. हेगड़े की जयंती के अवसर पर संसद भवन में 11 जून 2020 को एक समारोह आयोजित किया गया। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; लोक सभा, महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने श्री के.एस. हेगड़े को पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद भवन में 11 जून 2020 को श्री के.एस. हेगड़े के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद गण्यमान्य व्यक्ति।

लोकतंत्र संसदीय शोध और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड)

1 अप्रैल से 30 जून 2020 की अवधि के दौरान लोकतंत्र संसदीय शोध और प्रशिक्षण संस्थान ने निम्नलिखित पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों का आयोजन किया है। **जैसाकि इस अवधि में कोविड-19 महामारी को देखा इसलिए ये सभी कार्यक्रम ऑनलाइन मोड के जरिए आयोजित किए गए थे।**

I. लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए अधिकारियों द्वारा व्यावसायिक विकास कार्यक्रम:

(i) लोक सभा सचिवालय के 27 अधिकारी 19 मई, 2020 को हैंडलिंग सोशल मीडिया के बारे में ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए;

(ii) लोक सभा सचिवालय के 48 अधिकारी 29 मई, 2020 को तनाव प्रबंधन संबंधी ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए;

(iii) लोक सभा सचिवालय के 32 अधिकारी/कर्मचारी 3 जून, 2020 को लिंग संवेदीकरण संबंधी ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए;

(iv) लोक सभा सचिवालय के 47 अधिकारी 19 जून, 2020 को ''कोविड-19: रोकथाम और सावधानी'' संबंधी ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए;

(II) लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधान मण्डल सचिवालयों के अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम:

(i) लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधान मण्डल सचिवालयों के 31 अधिकारियों ने 11 से 13 मई, 2020 तक प्रश्न, विधायी और बजटीय प्रक्रियाओं संबंधी ऑनलाइन क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया।